प्रेस नोट - दिनांक 27.10.2026

थाना सोहरामऊ, जनपद उन्नाव।

हत्या की घटना कारित करने वाले 04 अभियुक्त आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सोहरामऊ पुलिस द्वारा दिनांक 25.10.2026 को थाना सोहरामऊ क्षेत्रांतर्गत ग्राम ठकुराईनखेड़ा मे घटित हत्या की घटना मे शामिल चार अभियुक्तों को मय आला कत्ल गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 25.10.2026 को थाना सोहरामऊ पर अमन पुत्र कन्हैयालाल निवासी ग्राम ठकुराईनखेड़ा थाना सोहरामऊ द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि मेरे पिता कन्हैयालाल पुत्र स्व0 शिवराज उम्र करीब 45 वर्ष को 1.नागेन्द्र पुत्र हरिप्रसाद, 2. मोनू उर्फ भूपेन्द्र पुत्र हरिप्रसाद, 3. सन्नाम उर्फ सुशील पुत्र हरिप्रसाद निवासीगण ग्राम मरुई थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ द्वारा जान से मारने की नियत से गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सोहरामऊ पर **मु0अ0सं0-232/2026 धारा 109(1) बीएनएस** पंजीकृत किया गया था। दौराने इलाज वादी के पिता कन्हैयालाल की मृत्यु हो जाने पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 109(1) बीएनएस की घटोत्तरी करते हुए धारा- 103(1) बीएनएस की बढोत्तरी की गई। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा क्षेत्राधिकारी हसनगंज श्री तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व मे टीमों का गठन कर सक्रिय किया गया। नामित अभि0गण 1.नागेन्द्र पुत्र हरिप्रसाद, 2. सन्नाम उर्फ सुशील पुत्र हरिप्रसाद निवासीगण ग्राम मरुई थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ को दिनांक 26.10.2026 को बनी पुल से 100 मीटर पहले हिन्दूखेडा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण से दौराने पूछताछ प्रकाश मे आये अभियुक्तगण 1. शिवम कुमार पुत्र मनोज कुमार हालपता बीसीसी हाइट्स रुम न0- सी 1212 माधवखेड़ा मोहन लाल गंज जनपद लखनऊ उम्र करीब 26 वर्ष 2. सुष्माकर शर्मा उर्फ राज पुत्र स्व0 भारत शर्मा हालपता डीएलएफ गार्डन सिटी एलटी 12 ए -207 गोपालखेड़ा मोहनलाल गंज जनपद लखनऊ को जनपद लखनऊ उम्र करीब 20 वर्ष को उक्त पते से मय आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.सुशील कुमार पुत्र हरिप्रसाद निवासी मरूई थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ उम्र करीब 41 वर्ष

2.नागेन्द्र कुमार पुत्र हरिप्रसाद निवासी मरूई थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ उम्र करीब 39 वर्ष

3. शिवम कुमार पुत्र मनोज कुमार हालपता बीसीसी हाइट्स रुम न0- सी 1212 माधवखेड़ा मोहन लाल गंज जनपद लखनऊ उम्र करीब 26 वर्ष

4. सुष्माकर शर्मा उर्फ राज पुत्र स्व0 भारत शर्मा हालपता डीएलएफ गार्डन सिटी एलटी 12 ए -207 गोपालखेड़ा मोहनलाल गंज जनपद लखनऊ को जनपद लखनऊ उम्र करीब 20 वर्ष

गिरफ्तारी मे शामिल पुलिस टीम-

1.SHO श्री अरविन्द पाण्डेय
2.उ0नि0 श्री लक्ष्मी प्रसाद
3.उ0नि0 श्री मो0 रफीक
4.हे0का0 जुगराज सिंह
5.हे0का0 प्रभाकर राय
6.हे0का0 जयवीर सिंह
7.का0 अवधेश सिंह
8.का0 योगेश कुमार
9.का0 सत्यपाल सिंह
10.का0 सुनील कुमार

